प्रपत्र–4

परियोजना का नाम :– माननीय मुख्यमन्त्री घोषणा संख्या 1732/2015 के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट के अन्तर्गत अस्कोट से कूटा मोटर मार्ग का कार्य।

संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 23–12–2016 को प्रश्नगत परियोजना के लिये वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव तैयार करने हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री चन्द्रशेखर कोठारी, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्रीमती मीना जोशी एवं गिरजाशंकर जोशी, राजस्व उपनिरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री हरीश सिंह (कनिष्ठ अभियन्ता) द्वारा संयुक्त निरीक्षण कार्य में भाग लिया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय पाया गया कि उपरोक्त प्रयोजन हेतु निम्नानुसार वन भूमि/नाप भूमि प्रभावित हो रही है।

आरक्षित वन भूमि, शून्य हे0, सिविल एवं सोयम वन भूमि 3.850 है0, वन पंचायत भूमि 1.065 हे0, एवं नाप भूमि 4.365 है0 प्रभावित हो रही है। परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है तथा आवेदित वन भूमि की मांग न्यूनतम है। परियोजना के निर्माण हेतु प्रस्तावक विभाग द्वारा सुझाये गये अन्य विकल्पों पर भी विचार किया गया व वर्तमान विकल्प/संरेखण को सर्वदा उपयुक्त पाया गया। प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जाना है व इस परियोजना के निर्माण से देवल, खोलियागांव, दारती, खड़ियानी, छब्बीसा मोटर मार्ग की कुल 1914 जनसंख्या लाभान्वित होगी।

आवेदित वन भूमि में 542 व नाप भूमि पर 55 वृक्षों का पातन निहित है, जिनकी प्रजातिवार/व्यासवार सूची प्रस्ताव में संलग्न है।

(अन्य आवश्यक कोई विवरण जो दिया जाना अपेक्षित हो).....

ह0/– (प्रयोक्ता एजेन्सी) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 अस्कोट (पिथौरागढ़)

ह0/– (मीना जोशी) राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र अस्कोट तहसील डीडीहाट जिलाधिकारी (राजस्व विभाग का प्रतिनिधि)

ह0/– जी0 एस0 राजस्व उप निरीक्षक तहसील – डीडीहाट (वन विभाग का प्रतिनिधि)

ह0/– (जिलाधिकारी) पिथौरागढ़

ह0/– (प्रभागीय वनाधिकारी)

वन क्षेत्राधिकारी अस्कोट –(पिथौरागढ़)

उप जिलाधिकारी डीडीहाट जिला- पिथौरागढ़ उत्तराखण्ड

ह0/– (सम्बन्धित उप जिलाधिकारी)

प्रभागीय वन अधिकारी पिथौरागढ़ वन प्रभाग

Scanned by Camera Scanner